सार-समाचार

मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण आयोजित

करौली, (निसं)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में नवपदस्थापित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर संपन्न हुआ, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के हर पहलू को समझने की आवश्यकता जताई। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ सतीश चंद मीणा मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ जयंतीलाल मीना ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने हेतु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य के प्रत्येक घटक को जान- समझकर एएनएम क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग करें और मानसिक रोगी को उपचार के लिए जिला अस्पताल मनोचिकित्सक इकाई तक भिजवाएं। मनोचिकित्सक डॉ प्रेमराज मीना ने बताया की आमजन में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे सिरदर्द, टेंसन, घबराहट बैचेनी, अनिंद्रा, नशीले पदार्थो का सेवन आम बात है। मानसिक समस्याओ की शुरूआती अवस्था मे पहचान, उचित परामर्श एवं उपचार से मानसिक रोग होने से रोका जा सकता है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ रामस्वरूप द्वारा समाज में व्यापत सामाजिक भ्रान्तियो जैसे दैवीय प्रकोप, ऊपरी बाधा आदि के निवारण हेतु लगातार जनजागरूकता गतिविधियों करने की सलाह दी। साइकेट्रिक नर्स गौरव गोयल ने आमजन को घर बैठे टेलीमानस हेल्पलाइन 14416 की जानकारी देते हुएँ बताया की मानसिक रोगों को छिपाये नहीं अपितु उचित कॉउंसलिंग एवं उपचार करवाये। सीआरए गौरव शर्मा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण में उपस्थित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ ने कार्यक्षेत्र पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मनाया

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय करौली के निकट बरती फतेहपुर गांव में स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवी सिंह राजपूत रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के भामाशाह महेंद्र सिंह धीरेंद्र सिंह हेमेंद्र सिंह सत्य स्वरूप सिंह राजेश्वरी पायल पचौरी रामसे खटीक एवं नत्थीलाल उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर किया गया इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रोचक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया नृत्य गीत एवं नाट्यय प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालिया की गूंज के साथ सराहा इस अवसर पर कक्षा 8 व 10 एवं बारे में प्रथम विद्युतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और विद्यालय की भाभी योजनाओं की जानकारी देते हुए अपने प्रतिवेदन में प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि विद्यालय का लक्ष्य उत्कृष्ट शैक्षिणक गुणवत्ता के साथ साथ भौतिक विकास करना है तथा शीघ्र ही विद्यालय क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा उन्होंने विद्यालय के सभी भामाशाहों के सहयोग की भूरि भूरि प्रशंसा की मुख्य अतिथि देवी सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के विकास हेतु विधायक कोटे सहित भामाशाहों एवं पूर्व छात्रों द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया इस अवसर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा में कक्षा 8 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्गीय गोपाल शरण सारस्वत स्मृति पुरस्कार के अंतर्गत प्रमाण पत्र एवं 1100 नगद पुरस्कार उनके परिजनों द्वारा प्रदान किया गया।

जूनियर्स ने सीनियर्स को दी विदाई

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल डिबस्या में जूनियर विद्यार्थियों द्वारा सीनियर विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीनियर छात्रों को भविष्य की पढ़ाई और जीवन के लिए प्रेरित करना था। यह आयोजन स्कूल परिसर में हुआ, जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य केशवदास गुप्ता ने की। मीडिया प्रभारी पुखराज मीणा ने बताया कि समारोह की शुरुआत प्रेरक संदेशों से हुई। वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अब उनका आगे का रास्ता मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से तय होगा। कविता और विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासित रहने, समय का सदुपयोग करने और लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सीख दी गई। कमलेश कुमार मीणा ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि मो. आसिफ और मो. अकरम खान ने प्रश्न पत्र हल करते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। समारोह में जीवन में सफलता के लिए समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और सतर्कता पर भी चर्चा हुई। सतीश चंद्र शर्मा ने नैतिक शिक्षा और चरित्र निर्माण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य ने छात्रों को आईआईटी और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन का लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर छात्रों का तिलक लगाकर, पेन व अन्य उपहार देकर सम्मान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संगीत, खेल और भाषण शामिल थे।

उपहार कूपनों की निकली लॉटरी

गंगापुर सिटी, (निसं)। राज्य सरकार की ओर से मंडी समितियों के माध्यम से संचालित कृषक उपहार योजना के तहत कृषि उपज मंडी समिति गंगापुर सिटी द्वारा जारी ई-उपहार कूपनों की लॉटरी गुरुवार को मंडी समिति कार्यालय में निकाली गई। लॉटरी प्रक्रिया दोपहर 1 बजे शुरू हुई। योजना के अंतर्गत पहले छह माह, 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 की अवधि में ई-नाम के माध्यम से ई-पेमेंट पर जारी विक्रय पर्चियों के कूपन और गेट पास के कूपन में प्रथम पुरस्कार राशि 25 हजार रूपए बुनियाद ग्राम अलीगंज, द्वितिय पुरूष्कार 15 हजार रूपये जगराम मीना ग्राम रानेटा एवं तृतीय पुरस्कार राशि 10 हजार विक्रम सिंह जादौन ग्राम बैरूण्डा के नाम निकली। इसी प्रकार सैल बिल पर जारी कूपन की लॉटरी में प्रथम पुरूस्कार राशि 25 हजार रूपए राजबहादुर ग्राम रायसना, द्वितिय पुरूस्कार राशि 15 हजार रूपये पप्पू एवं तृतीय पुरस्कार राशि 10 हजार रूपए नेमी चंद गुर्जर के नाम से निकली।

उपखंड अधिकारी ने ग्राम उत्थान शिविर का किया निरीक्षण

- उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति, आवेदन निस्तारण व लाभ वितरण की स्थिति की समीक्षा की

भरतपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में आयोजित हो रहे ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र जनों को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भरतपुर उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बझेरा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का औचक निरीक्षण किया।

उपखंड अधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते हुए योजनाओं की प्रगति, आवेदन निस्तारण एवं लाभ वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। निरीक्षण के दौरान पशुपालन, वन, कृषि, खाद्य, जल संसाधन, श्रम, महिला एवं बाल विकास, ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उपखंड अधिकारी ने कहा कि ग्राम उत्थान शिविर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं, इसलिए विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

उन्होंने अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों के आवेदन मौके पर ही प्राप्त कर जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों एवं आवेदन प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी देने तथा प्रत्येक विभाग के बैनर लगाने के निर्देश भी दिए। उपखंड अधिकारी ने शिविर में आए ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए

ग्राम पंचायत बछामदी निवासी किसान ज्ञान नगर सिंह ने ग्राम उत्थान शिविर के माध्यम से कृषि विभाग की प्राकृतिक खेती प्रोत्साहन योजना का लाभ लेकर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने योजना के तहत 4000 का अनुदान प्राप्त कर गेहूं व सरसों की फसल में प्राकृतिक खेती अपनाई। उन्होंने बताया कि इस पद्धित में डीएपी व यूरिया जैसे रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया गया, जिससे खेती की लागत में उल्लेखनीय कमी आई। जीवामृत का स्वयं तैयार घोल प्रयोग करने से फसल की बढ़वार बेहतर रही और पैदावार संतोषजनक मिली। उन्होंने प्राकृतिक खेती को सरल, सस्ती और पर्यावरण अनुकूल बताते हुए अधिक से अधिक किसानों से इसे अपनाने का आव्हान किया।

बछामदी और बझेरा में आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों में पात्रजनों को सरकार द्वारा संचलित विभिन्न योजनाओं में मौके पर ही लाभान्वित किया गया, जिसमें कृषि विभाग की तारबंदी योजना में 240 आवेदन प्राप्त, पाईपलाईन के 189 आवेदन, फार्मपौंड के आवेदन 168, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण 38, उद्यागिकी विभाग की सोलर पम्प के लिए 03 आवेदन, ड्रिप योजना में 93 आवेदन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 12 आवेदन प्राप्त किये, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 150 आवेदन, पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा एवं कृमिनाशक औषिधि को 184 पशुओं को पिलाया, वीबी जी रामजी अभियान के तहत 280 लोगों को जानकारी दी गई, साथ ही 30 स्वामित्व कार्ड वितरण एवं पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत 83 लोगों का पंजीयन किया गया।

मुख्य बाजार से कचरा और अवैध होर्डिंग हटाए

भरतपुर (निस)। भरतपुर में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के तहत नगर निगम ने शहर की रैंकिंग बेहतर करने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। नगर निगम की टीमें बुल्डोजर और ट्रेक्टर ट्रॉली के साथ मुख्य बाजारों में उतरीं और कचरे के ढेर हटाने के साथ अवैध बैनर पोस्टर जब्त किए। यह अभियान 10 मार्च 2026 तक चलेगा और शहर के 25 चिन्हित स्थानों पर कार्रवाई की जाएगी।

बाजारों में जहां भी अवैध रूप से बैनर और पोस्टर लगाए गए थे, उन्हें हटाकर जब्त किया गया। इस दौरान भारी मशीनों की मदद से पुराने कचरे के ढेर और चिन्हित पॉइंट साफ किए गए। नगर निगम के आरओ तेजराम मीणा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान शुरू किया गया है।

आगामी दिनों में सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है, इसलिए 10 मार्च 2026 तक लगातार सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। शहर में मौजूद पुराने कचरे के सभी पॉइंट हटाए जाएंगे। नगर निगम ने शहर में 25 स्थान चिन्हित किए हैं, जहां विशेष रूप से यह अभियान चलाया जाएगा। इन सभी जगहों पर निगम की टीमें नियमित रूप से सफाई करेंगी और अवैध होर्डिंग तथा बैनरों को हटाया जाएगा।

कार्रवाई से पहले बाजारों में मुनादी करवाई गई और प्रचार प्रसार के जरिए दुकानदारों व नागरिकों को जानकारी दी गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अभियान की अवधि में सफाई व्यवस्था की लगातार निगरानी की जाएगी, ताकि बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर दोबारा कचरा जमा न हो और स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों के अनुसार व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

दहेज की राशि 21 लाख रुपए लौटाई

भरतपुर, (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा, भरतपुर द्वारा सगाई लग्न में दहेज की राशि 21 लाख रुपए वधु पक्ष को वापस करने पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. अक्षांश भारद्वाज एवं उनके पिता अनिल कुमार भारद्वाज एवं परिवारीजनों का गांव खडेरा में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष घनसुंदर दारापुरिया की अध्यक्षता में माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत, सम्मान, अभिनंदन कर दहेज वापस के संकल्प को सराहा गया।

इस मौके पर गांव दारापुर कल्याणपुर, बंजी, दयोपुरा, मालाह, बरौदा, बडा माफी, त्योहारी, माडयोनी आदि के लोग स्वागत समारोह में उपस्थित रहे।

निसंतान्ता व आईवीएफ परामर्श शिविर आज

भरतपुर (निस)। डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया जावेगा।

डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया जायेगा।

थैला थमा कर जबरन 29 रुपये वसूलना पड़ा महंगा

- उपभोक्ता आयोग ने लगाया 25 हजार का जुर्माना
- ब्याज सहित थैले की कीमत लौटने के आदेश दिए

करौली, (निसं)। जयपुर के प्रतापनगर इलाके स्थित एक मॉल में सामान के साथ थैले की 29 रुपये कीमत जबरन वसूलना मॉल संचालक को महंगा साबित हुआ है। इस मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मॉल के संचालक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ थैले की कीमत ब्याज सहित लौटने के आदेश दिए हैं।

प्रकरण के अनुसार करौली के राधामोहन गौतम ने जयपुर के प्रताप नगर में संचालित एक मॉल से 9 नवम्बर 25 को लगभग 5 हजार रुपये का सामान खरीद किया। इस सामान को मॉल के कर्मचारी ने एक थैले में रखकर सौंपा और थैले के 29 रुपये अतिरिक्त वसूल किये। परिवादी राधामोहन ने थैले की जरूरत न बताई, फिर भी मॉल के कार्मिक ने जबरन थैला थमाया और थैले की 29 रुपये कीमत भी ली। इतना ही नहीं कार्मिक ने राधामोहन से दुर्व्यवहार करके मॉल से निकाल दिया।

इससे आहत हुए राधामोहन ने वकील प्रदीप जैन के जरिये से उपभोक्ता आयोग में 24 नवम्बर 25 को परिवाद दायर करके थैले की कीमत और जुर्माना राशि दिलाने की मांग की।

आयोग में सुनवाई के दौरान मॉल के संचालक की ओर से बताया गया कि उन्होंने परिसर में थैले की अतिरिक्त कीमत वसूलने के बोर्ड लगा रखे हैं। इस प्रकरण में भी ग्राहक की मांग पर ही थैले में सामान देकर 29 रुपये वसूल किये थे। आयोग ने दोनों पक्षों की सुनवाई तथा साक्ष्य-सबूतों के विश्लेषण के बाद मॉल संचालक को अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी माना है। आयोग के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह व सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने निर्णय में मॉल परिसर में लगाये गए थैले के अतिरिक्त शुल्क वसूलने के बोर्डों को प्रमाणित साक्ष्य नहीं माना।

आयोग के अनुसार मॉल संचालक यह साबित करने में विफल रहे है कि यह बोर्ड -बैनर के फोटो कब के और कहां के हैं। ऐसे साक्ष्य , जीओ टेंगिग के साथ पेश किए जाने पर उनको प्रमाणित माना जा सकता था। आयोग के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह तथा सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने मामले में मॉल के प्रभारी को अनुचित व्यापार व्यवहार का दोषी मानते हुए 15 हजार रुपये का जुर्माना और 10 हजार रुपये परिवाद व्यय के बतौर पीड़ित को चुकाने के आदेश दिए है। इसके अलावा थैले की 29 रुपये कीमत भी परिवाद प्रस्तुति की दिनांक से 18 प्रतिशत ब्याज सहित 1 माह में चुकानी होगी। आदेश की पालना एक माह में न करने पर जुर्माना राशि व परिवाद व्यय पर 18 प्रतिशत ब्याज देना होगा।

सार-समाचार

मुआवजे को लेकर किसानों में आक्रोश

गंगापुर सिटी, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग-23 बाइपास निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। गुरुवार को चूली, छावा, सलेमपुर, हिंगोटया, सलारपुर, फिरासपुर, मोतीपुर, बाढ़कला, बाढ़ खुर्द, जलोखरा और चक छावा सहित आसपास के कई गांवों के खातेदारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुआवजा राशि के पुनर्निर्धारण की मांग की है। किसानों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में डीएलसी दर और वास्तविक बाजार मूल्य की अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया। उन्होंने तर्क दिया कि बाजार में जमीन के दाम तेजी से बढ़े हैं, ऐसे में पुराने या कम दरों पर मुआवजा देना न्यायसंगत नहीं है। किसानों ने डीएलसी दर और वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप मुआवजा तय कर शीघ्र भुगतान की मांग की। सुबह करीब 11.30 बजे 10 से ज्यादा गांवों के किसान मिनी सचिवालय पहुंचे और कम मुआवजे के विरोध में प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि उपखंड अधिकारी (भूमि अवाप्ति) द्वारा बाइपास निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही भूमि का मुआवजा मनमाने ढंग से तय किया गया है। उनका कहना है कि किसानों पर कम राशि स्वीकार करने का दबाव बनाया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है। खातेदारों के अनुसार, वर्तमान में प्रति बीघा लगभग 1 लाख 12 हजार रुपए मुआवजा प्रस्तावित किया गया है। किसानों का दावा है कि इलाके में डीएलसी दर और बाजार भाव इससे कहीं अधिक है। इतनी कम राशि से उन्हें भूमि का वास्तविक मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि वे इस मुआवजा निर्धारण का पूर्ण विरोध करते हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मुआवजा राशि का नियमानुसार पुनर्निर्धारण नहीं किया गया, तो प्रशासन आंदोलन के लिए जिम्मेदार होगा। किसानों का कहना है कि भूमि उनकी आजीविका का मुख्य साधन है और कम मुआवजे से उनके भविष्य पर सीधा असर पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में विजेंद्र गुर्जर, शिवचरण, दानवीर, भूपेंद्र सिंह, रामगोपाल, वेदप्रकाश, अशोक, पवन, राजेंद्र, ज्ञानसिंह, जलसिंह, रामकिशोर, गोपाल, रामसहाय, बुधराम, सीताराम, लक्ष्मा, विजय, हरी, रामचरण सहित सैकड़ों किसान शामिल थे।

कलेक्टर के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

गंगापुर सिटी, (निसं)। सवाई माधोपुर जिले के प्राथमिक अध्यापक संघ लेवल प्रथम के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर लेवल प्रथम अध्यापकों की लंबित पदोन्नति और अन्य सेवा संबंधी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है। संघ के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में लेवल प्रथम अध्यापकों को लंबे समय से पदोन्नति से वंचित रखे जाने पर चिंता व्यक्त की गई। इसमें मांग की गई कि उन्हें जल्द से जल्द पदोन्नति के वैधानिक लाभ प्रदान किए जाएं। इसके अतिरिक्त बीएड और डीएलएड इंटर्नशिप अवधि के दौरान की गई वेतन कटौती को समाप्त कर, काटी गई राशि का भुगतान करने की भी मांग उठाई गई। संघ ने बताया कि पदोन्नति प्रक्रिया में देरी के कारण शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है, जिससे उनका मनोबल और शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में जिला कोषाध्यक्ष हरिओम सिंह, सचिन सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर और विजय कुमार सहित अन्य अध्यापक शामिल थे।

कुष्ठ रोग जागरूकता वाहन रवाना

करौली, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिलेभर में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कुष्ठ रोग जागरूकता वाहन को स्वास्थ्य भवन परिसर से सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ सतीश चंद मीणा, प्रशासनिक अधिकारी शेर सिंह मीणा, एओ एनएचएम रमेश चंद मीणा, डीपीओ आशुतोष पांडे, जेएसए रूप सिंह धाकड़, कुष्ठ प्रभारी रघुनंदन माली सहित कार्यालय कर्मी मौजूद रहे। सीएमएचओ ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कुष्ठ प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता वाहन द्वारा दृश्य -श्रव्य संदेशों के माध्यम कुष्ठ की भ्रांतियों को दूर किया जाएगा और कुष्ठ रोग के लक्षण के प्रति जागरूक एवं बचाव और उपचार के लिए प्रेरित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का समय पर निदान सरल है और इसका उपचार पूरी तरह संभव है। जिले में कुष्ठ रोग के सभी संभावित मामलों की शीघ्र पहचान कर उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग करते हुए रोग उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करने पर कार्य किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.जयंतीलाल मीना ने बताया कि जागरूकता वाहन कुष्ठ प्रभावित क्षेत्रों पर पहुंचकर कुष्ठ के प्रति आमजन की धारणा बदलने का प्रयास करेगा और कुष्ठ रोगी के परिवार जनों को अपनाई जाने वाली सावधानियों से अवगत कराकर भेदभाव मिटाने संबंधी जागरूकता पंपलेट और आडियो संदेश को प्रसारित किया जाएगा।नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. ओम प्रकाश महावर ने बताया कि पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रकार की जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत जागरूकता वाहन द्वारा कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता लाई जाएगी।

जगह-जगह लगे गंदगी के अम्बार

भरतपुर, (निसं)। रूपवास कस्बे की नगरपालिका प्रशासन की उदासीनता के कारण नरकपालिका बन कर रह गई है। जिसका खामियाजा नगरपालिका के लोगों को सड़कों पर व्याप्त गंदगी के लगे ढेरों से होकर गुजरना पड़ रहा है। कस्बे के दर्जनों लोगों ने बताया कि कस्बे के नगरपालिका के मुख्य द्वारा के सहारे पुरा धरोहर लाल महल सरोवर के लिए जाने वाले मार्ग व नगरपालिका द्वारा सरोवर के लिए बनाए पार्क में जाने के लिए बनाए गए द्वार पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। इस मार्ग पर राजकीय व गैर राजकीय विद्यालय में जाने वाले विधार्थियों को इस गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं नगरपालिका क्षेत्र के पुराने बाजार स्थित सीताराम मंदिर, महादेव चौक, हनुमान चौक सहित दर्जनों स्थानों पर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं।

भरतपुर में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने किया युवा संवाद

- शंकर गोरा प्रेस वार्ता में बताया कि केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला है

भरतपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भरतपुर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने युवा संवाद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ ताखा के नेतृत्व में गदा भेंट एवं 51 किलो की माला पहनाकर तहेदिल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने की।

युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा जैसे ही भरतपुर के कमालपुरा बार्डर पर पहुंचे, सैकडों की संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा जिन्दाबाद, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, भजनलाल शर्मा जिन्दाबाद, मदन राठौड जिन्दाबाद, शंकर गोरा जिन्दाबाद के नारों से गगन को गुंजायमान कर दिया। तत्पष्चात् खेडली मोड, आमोली टोल प्लाजा, हलैना, डहरा मोड, पहरसर मोड, लुलाहरा, लुधावई, सेवर आदि दर्जनों स्थानों पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एवं सत्कार किया गया। तत्पश्चात् बजट को लेकर एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने अपनी प्रेस वार्ता में बताया कि केन्द्रीय बजट ऐतिहासिक और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला है। यह बजट राज्यों के विकास को केन्द्र में रखकर एवं 3 कर्तव्यों को आधार मानकर तैयार किया गया जिनमें पहला आर्थिक विकास को तेज करना और उसे बनाये रखना, दूसरा लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और क्षमता बढ़ाना और तीसरा कर्तव्य सबका साथ सबका विकास। बजट देश के आर्थिक विकास, मूल्य स्थिरता, रोजगार सृजन तथा सामाजिक न्याय सुनिश्चित करता है। यह बजट राजस्थान को विकास की नई दिशा देने वाला है। क्योंकि यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों, व्यापारियों एवं हर वर्ग को लाभ पहुचायेगा। केन्द्रीय करों की हिस्सेदारी से राजस्थान को कुल 94000 करोड का संसाधन मिलेगा। जो पिछले वर्श से करीब 7000 करोड रूपये अधिक है। यह राजस्थान को विकास की गति प्रदान करेगा। चेलेंज मोड पर मेगा टेक्सटाईल पार्क स्थापित करने, टेक्सटाईल लेवर इन्सेंटिव स्कीम से भीलवाडा, जयपुर और जोधपुर जैसे केन्द्रों को बहुत फायदा मिलेगा। मार्ट खुलने से प्रदेश के गांव की हमारी लखपति दीदीयां अपने व्यवसाय को आगे बढाकर बिजनेस वुमन बन सकेंगी। 5 लाख से अधिक आबादी वाले 2 टियर एवं 3 टियर शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए इनविट बॉन्डस, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट से मिलने वाले आर्थिक सम्बल से प्रदेश के जोधपुर, जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर जैसे शहरों को बडे पैमाने पर लाभ होगा। लिक्विडिटी सपोर्ट, क्रेडिट गारंटी और ट्रांजेक्शन सेटलमेंट प्रोग्राम से जयपुर, अलवर, भीलवाडा, उदयपुर, कोटा जैसे शहरों में छोटे उद्योंगों को बडा बूस्ट मिलेगा। बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेलवे और सडक को जोडने पर विषेष फोकस किया गया है। जिससे व्यापार, पर्यटन और निवेश के नये अवसर बनेंगें और उनका राजस्थान को सीधा लाभ मिलेगा। लड़कियों के लिए प्रत्येक जिले में हॉस्टल की सौगात देना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी पहल है। मोदी सरकार ने बजट में स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन पर जोर देकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया है ताकि भारत विश्व में नंबर 1 की अर्थव्यवस्था बन सके। मोदी सरकार ने जीएसटी को आसान कर दिया है जिससे व्यापारियों को काफी हद तक राहत मिलेगी तथा महगाई कम करने पर जोर देकर देशवासियों को राहत की सांस दी है। आयात में कमी और निर्यात में वृद्धि होने से स्वदेशी उत्पादन में वृद्धि होगी जिससे देश का आर्थिक स्तर मजबूत होगा। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि भारतीय किसानों की अर्थव्यवस्था सुद्रढ हो सके। युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं जिससे युवा मजबूत होगा तो देश भी मजबूत होगा। खनिजों की प्रोसेसिंग के लिए पूंजीगत सामान के आयात पर कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। इससे राजस्थान के खनन उद्योग को बढावा मिलेगा। बीईएसएस में काम आने वाले लीथियम आयन सैल बैट्री निर्माण में प्रयुक्त पूंजीगत सामानों के लिए कस्टम ड्यूटी में छूट दी गई है। जिससे सोलर सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। अतः इस प्रकार केन्द्रीय बजट की घोशणाएं हमारे राज्य को अठाणी राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी एवं युवा मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से सुरेन्द्र सांतरूक, आकाश हथैनी, पंकज शर्मा, दीपू पंडित, कृष्णा जाट, सुनील सहनावली, हरदीप सिंह, रॉकी जाटव, प्रभाकर, सचिन कुरका, मीनेश उवार, रितिक, योगा सहनावली, अनिल, पुष्पेन्द्र हंसावत, संजू सरपंच एवं केशव आदि उपस्थित रहे।

शिविर में 70 से अधिक रोगी लाभान्वित

भरतपुर, (निसं)। आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और चिकित्सा हेतु राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं की वार्ष